प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

......................

पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आज देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाला राज्यस्तरीय समारोह "लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन" के रूप में मनाया जायेगा। इस समारोह में शामिल होने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जयपुर पंहुच गए है। एयरपोर्ट पंहुचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। अब से कुछ ही देर में आरआईसी में शुरू होने वाले समारोह में श्री नड्डा की मौजूदगी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महिला सशक्तिकरण से जुडी विभिन्न योजनाओं के तहत प्रदेश की महिलाओं और बालिकाओं को राशि हस्तान्तरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान 150 कालिका यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर आधारित डिजिटल कॉफी बुक का विमोचन भी किया जाएगा। बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों और दो जनजातीय बालिका आश्रम छात्रावासों सहित विभिन्न शैक्षणिक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा। एक अन्य कार्यक्रम में श्री नड्डा अहिल्या बाई होल्कर पर आधारित नाटक के मंचन को देखेंगे। इस मौके पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया जायेगा। संगोष्ठी में राज्य सरकार के मंत्री, विधायक और जनप्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। बाद में वे पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें संगठन से जुडे विभिन्न विषयों की समीक्षा की जायेगी।

......................

ऑपरेशन शील्ड के तहत आज प्रदेश में मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास ड्रोन जैसे हवाई हमले की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इससे पहले यह अभ्यास 29 मई को होना था, लेकिन प्रशासनिक कार्यो से इसे स्थगित कर दिया गया था। इससे पहले कल केंद्रीय गृह मंत्रालय के दिशा–निर्देशों की पालना में नागरिक सुरक्षा को मजबूत बनाने और क्रियाशीलता के आकलन के लिए ऑपरेशन शील्ड की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर में ऑपरेशन शील्ड की तैयारियों को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री पंत ने कहा कि अधिकारी सभी संचार माध्यमों और सायरनों को दुरुस्त कर संचार प्रणाली को मजबूत बनाये। उन्होंने मॉक ड्रिल के दौरान रियल टाइम परिदृश्य तैयार करने तथा ब्लैकआउट के समय और स्थान को गोपनीय रखने के भी निर्देश दिए।

......................

केंद्र ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने कल एक अधिसूचना जारी की । इससे पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था।

......................

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। यह दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक वैश्विक पहल है। इस अवसर पर राज्य में भी युवाओं को तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को तंबाकू मुक्ति का संदेश दिया जा रहा हैं।

......................

प्रदेश के कई जिलों में पिछले 24 घंटों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज गई गयी। सबसे ज्यादा 21 मिलीमीटर बारिश किशनगंज में रिकॉर्ड हुई। वहीं सर्वाधिक तापमान जैसलमेर में 43 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज हुआ। श्रीगंगानगर में 42 दशमलव 4, बीकानेर में 42 दशमलव 2, कोटा में 41 दशमलव 8, बाडमेर में 41 दमशलव 4 और राजधानी जयपुर में 35 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस

तापमान रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आंधी और बारिश का यह दौर आगामी दो दिन तक जारी रह सकता है। इस बीच कुछ जिलों में तेज गर्मी के असर को देखते हुए मनरेगा श्रमिकों का समय बदला गया है। अजमेर और जैसलमेर में महात्मा गांधी नरेगा योजना का समय सुबह साढे पांच बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी।

......................